वर्ष 1972–73 में मध्य प्रदेश के लिए आपात कृषि उत्पादन कार्यक्रम के अन्तर्गत रबी के उत्पादन का लक्ष्य

5197. **श्री गंगा चरण दीक्षित :** क्या **कृषि और सिंचाई** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश मे 1972–73 के लिए आपात, कृषि उत्पादन कार्यक्रम के अन्तर्गत रबी के उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया था,

(ख) क्या लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है और यदि नही, तो किस सीमा तक, और

(ग) इस के क्या कारण हैं ?

कृषि और सिंचाई मंत्रालय में उपमंत्री श्री प्रभु दास पटेल (क) से (ग) 1972–73 के खरीफ के दौरान सूखे से उत्पन्न स्थिति का सामना करने के लिए शुरू किए गए आपात कृषि उत्पादन कार्यक्रम के अन्तर्गत मध्य प्रदेश मे 1972–73 के रबी / ग्रीष्म मौसम के दौरान 12 10 लाख मीटरी टन अतिरिक्त खाद्यान्नो के उत्पादन की योजना बनाई गई थी। तथापि यह लक्ष्य पूरा नही किया जा सका। 1971–72 की तुलना मे 1972–73 के दौरान गेहू और दालों (मुख्य रूप से चना) का वास्तविक उत्पादन नीचे दिया गया है

(हजार मीटरी टन)

फसल	उत्पादन	
1	2	3
	1971–72	1972–73
गेहूं	3,189.2	2 284 8
चना	1,148.4	1,108 8

मुख्य रूप से राज्य मे रबी की फसलो की खेती किए जाने वाले अधिकाश क्षेत्रों मे शीतकालीन वर्षा न होने और अक्तूबर, 1972 मे बहुत अधिक गर्मी पडने के कारण 1972–73 के दौरान रबी की फसलो के उत्पादन मे कमी हुई थी। गत वर्ष की तुलना मे गेहू की बुवाई कम क्षेत्र मे हुई थी। रबी की फसलों वाले सभी क्षेत्रोमे ग्रीष्मकालीन वर्षा भी नही हुई थी।

भारत-नेपाल सांस्कृतिक आदान-प्रदान

5198. **श्री गंगा चरण दीक्षित :** क्या **शिक्षा, समाज कल्याण और संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या वर्ष 1974 मे सांस्कृतिक आदान-प्रदान के सम्बन्ध मे भारत और नेपाल के बीच कोई वार्ता हुई थी, और

(ख) यदि हा, तो उसके क्या परिणाम निकले ?

शिक्षा और समाज कल्याण मंत्रालय तथा संस्कृति विभाग में उपमंत्री (श्री डी० पी० यादव) (क) जी नही।

(ख) प्रश्न नही उठता।

Use of Mustard Oil in Manufacture of Vanaspati

5199 SHRI D D DESAI Will the Minister of AGRICULTURE AND IRRIGATION be pleased to state

(a) whether Mustard Oil is used in manufacture of Vanaspati Ghee and if so, the ratio thereof, and

(b) if not, whether Government have any plan under consideration to use mustard oil in preparing Vanaspati Ghee in place of Binola Oil?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE AND IRRIGATION (SHRI SHAHNAWAZ KHAN): (a) No, Sir. Use of mustard oil in manufacture of vanaspati is not permitted.

(b) There is no such proposal at present.

राष्ट्रीय बीज निगम द्वारा कपड़े की थैलियां बनाने के आर्डर दिये जाना

5200. श्री हुकम चन्द कछवाय : क्या कृषि और सिंचाई मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राष्ट्रीय बीज निगम के दिल्ली कार्यालय द्वारा अपने उद्योग हेतु वर्ष 1972-73 तथा 1973-74 में कपड़े की थैलिया बनाने के लिए कितने आर्डर दिए गये; और

(ख) कपड़े की थैलिया बनाने के आर्डर किन किन कम्पनियो को दिये गये और प्रत्येक कम्पनी को कितनी-कितनी थैलियो के आर्डर दिये गये और उन पर आकारवार कितन-कितना खर्च किया गया?

कृषि और सिंचाई मंत्रालय में उप मंत्री (श्री प्रभुदास पटेल) (क) 1972-73 और 1973-74 के दौरान राष्ट्रीय बीज निगम द्वारा खरीदे गये कपड़े के थैलों के आकार और उनकी सख्या नीचे दी गई है।

वर्ष	कपड़े के थैलो के आकार	खरीदी गई सख्या
1972-73		
	2 कि० ग्रा०	3,68,750
	3 कि० ग्रा०	6,69,961
	4 कि० ग्रा०	10,000
	5-6-1 2 कि० ग्रा	69,000
	10-12 कि० ग्रा०	2,57,000
1973-74		
	2 कि० ग्रा०	70,800
	3 कि० ग्रा०	14.96,000
	5-6-1/2 कि० ग्रा०	8,54,000
	10-12 कि० ग्रा०	5,25,800

(ख) कपड़े के थैलो के आकार, मात्रा, फर्मों के नाम और 1972-73 तथा 1973-74 के दौरान राष्ट्रीय बीज निगम द्वारा दिए गए आर्डर के थैलो के मूल्य के बारे मे ब्योरा नीचे दिया गया है।

सप्लाई करने वाले का नाम	आकार	सख्या	मूल्य
1972-73			
1. मैसर्स किशोर एण्ड संस, दिल्ली।	3 कि० ग्रा०	2,03,661	93,684.06
2. मैसर्स अलाइड ट्रेडिंग कारपोरेशन, उज्जैन	2 कि० ग्रा०	3,68,750	1,36,437.50
3. —यथोक्त—	3 कि० ग्रा०	4,66,300	2,19,161.00
4. मैसर्स सी० कृष्णमूर्ति एण्ड कं०, विजयवाड़ा।	10-12 कि० ग्रा०	2,57,000	3,85,500.00
	5-61/2 कि० ग्रा०	69,000	77,970.00
	4 कि० ग्रा०	10,000	9,700.00